माता-पिता के लिए साधन
अपने बच्चे की विकास संबंधी बात-चीत करने के लिए जो अपॉईन्टमेन्ट है उसकी तैयारी करना

माता-पिता व देखभालकर्ताओं के लिए सुझाव पत्र

यदि आपको अपने बच्चे के विकास के बारे में आपको चिन्ता है और आप मदद चाहते हैं तो आप व्यवसायईयों के पास जाएँगे जिनमें आपका डॉक्टर [आम डॉक्टर व/या शिशु विशेषज्ञ (General Practitioner and/or Paediatrician)] और आपके स्थानीय आरम्भिक बचपन में आरम्भिक हस्ताक्षेप [(Early Childhood Early Intervention (ECEI)] प्रदाता शामिल हैं। ये सुझाव आपको मिलने के समय, अपने बच्चे व परिवार की ज़रूरतों को प्रभावशाली रूप से बताने व बढ़िया से बढ़िया जानकारी और सहायता प्राप्त करने में सहायता करेगें।

अपने बच्चे के बारे में सोचें व जो जानकारी बतानी है उसे तैयार कर लें

आप बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि प्रतिदिन आपके बच्चे का व्यवहार कैसा है व वो कैसे काम करता है। दिन के विभिन्न समय के बारे में सोचें, वो चीज़ें जो आपका बच्चा करता है और उनमें से कौनसी चीज़ें वो अच्छी तरह करता है और कौनसी चीज़ें करने में उसे कठिनाई होती है। कोई भी लिखित जानकारी जो अन्य लोगों ने आपको दी हो, जैसे कि (प्रीस्कूल शिक्षक द्वारा दी गई टिप्पणियाँ या विकास संबंधी सारांश अथवा वे चीज़ें जो आपके मित्रों/रिश्तेदारों ने देखी हैं) वह उस व्यवसायिक को मदद देगीं जिससे आप अपने बच्चे के विकास को समझने के बारे में मिल रहे हैं या व्यवसायिक को जिस चीज़ की भी ज़रूरत होगी। यदि आपके परिवार को किसी चीज़ की आवश्यकता है (जैसे कि पैसे की मदद या अपने समुदाय से संबंध बनाने में) तो उसके बारे में बताना महत्वपूर्ण है जिससे वे लोग आपके बच्चे की ठीक से सहायता कर सकें।

व्यवसायियों का बच्चों के साथ समय देना बहुत सीमित होता है, और इससे मदद मिलती है कि आपके बच्चे के बारे में अधिक से अधिक जानकारी उनको दे दी जाए। यह जानकारी कई स्थितियों, जैसे कि घर, समुदाय व प्रीस्कूल के बारे में होनी चाहिए।

आपके बच्चे के व्यवहार व कुछ करने के वे क्षेत्र जिनके बारे में जानकारी आवश्यक है:

- आम स्वास्थ्य, खाना-पीना व सोना
- अपने आप से करने वाली चीज़ें करना – कपड़े पहनना, टायलेट जाना, अपने आप भोजन करना
- शारीरिक विकास – पूरे शरीर का हिलना-डुलना (चीज़ों के आस-पास चलना, कूदना, संतुलन रखना, ऊपर चढ़ना) अपने हाथों का उपयोग करना (चित्र बनाना, धागा डालना, डब्बों को खोलना)
- सामाजिक दक्षताएँ – अन्य बच्चों के साथ खेलना
- बात-चीत करना – बात करते समय दूसरों को जवाब देना, अपनी ज़रूरतों को बताने के लिए शब्दों का उपयोग करना, इशारे करना (उंगली से इशारा करना, सिर हिला कर हाँ या ना करना, अपना सिर हिलाना)
- भावनात्मक प्रतिक्रिया – क्या आपका बच्चा स्थितियों में बहुत ज़ोर से प्रतिक्रिया करता है? क्या इस प्रकार की स्थिति होती है कि आपका बच्चा ऐसी स्थिति में कोई प्रतिक्रिया नहीं करता जब उसे करनी चाहिए? आपका बच्चा जब नाराज़ होता है तो क्या उसे शान्त करवाना बहुत मुश्किल होता है?
- इन्द्रियों से संबंधित – क्या आपका बच्चा किसी प्रकार की आवाज़ों, चीज़ों की बनावट, हिलने का तरीका, स्वाद, सुगन्ध को ढूंढता है या उनसे बचने की कोशिश करता है?

The Sector Capacity Building Program is funded by the NSW Department of Education

Children's Services

माता-पिता के लिए साधन
अपने बच्चे की विकास संबंधी बात-चीत करने के लिए जो अपॉईन्टमेन्ट है उसकी तैयारी करना

- जान व खेलने संबंधी दक्षताएँ – क्या आपका बच्चा खिलौनों से उसी प्रकार खेलता है जिस प्रकार खेला जाना चाहिए? क्या आपका बच्चा उत्सुकता दिखाता है और अपने वातावरण के बारे में जानने की इच्छा दिखाता है?

छें कि मिलने के लिए किसको जाना चाहिए

हो सकता है कि अपॉईन्टमेन्ट के समय बहुत जानकारी एक दूसरे को दी जाए और ली जाए। कभी-कभी व्यवसायी चाह सकता है कि आपका बच्चा भी आपके साथ हो जिससे वह उसको देख सके, अन्य समय पर उचित हो सकता है कि आप बच्चे के बिना जाएँ जिससे बिना अड़चन के बात कर सकें।

अपॉईन्टमेन्ट में जाने से पहले सब चीज़ों की जाँच कर लें, जिससे आप उनका प्रबंध कर लें। हो सकता है कि आप अपने साथी (partner) या मित्र को सहायता के लिए ले जाना चाहें; इससे आपको हर उस चीज़ को याद करने में आसानी होगी जिस पर बात-चीत करनी है और भावनात्मक सहायता भी मिल सकती है।

यदि व्यवसायी का यह सोचना है कि आपके बच्चे के विकास में उनकी सहायता चाहिए होगी तो आपको कौनसे प्रश्न पूछने चाहिए

कुछ व्यवसायी तो आपको वो सारी जानकारी दे देंगे जो आपको चाहिए। अन्य समय पर विकल्पों व अगले कदमों संबंधी जानकारी लेने के लिए आपको सवाल पूछने होगें।

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जो आप पूछ सकते हैं:

1. अपने बच्चे की विकास संबंधी आवश्यकताओं के बारे में जानने के लिए मुझे सहायता कहाँ से मिल सकती है? अगले कदम लेने के बारे में, मदद के लिए मैं कहाँ (या किसके) पास जाऊँ?
2. यदि थैरपी का सुझाव दिया जाता है तो क्या मेडिकेयर की कोई योजनाएँ हैं जिनका उपयोग थैरपी के भुगतान के लिए किया जा सकता है, और मैं यह कैसे प्राप्त कर सकता हूँ?
3. क्या कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध है जिसे पाने के लिए मेरा बच्चा या मैं उपयुक्त हों?
4. अपने बच्चे के विकास के लिए मैं कैसे सहायता कर सकता हूँ इसके बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?
5. अभी मैं यह सहायता कहाँ ले सकता हूँ? मुझे किस सहायता के लिए आवेदन देने की आवश्यकता है? क्या कोई प्रतिक्षा सूची है जिसमें मैं अपने बच्चे का नाम लिखवा सकता हूँ?

अन्य कनेक्शन (links) जिनसे आपको सहायता मिल सकती है

अपने बच्चे की बीमारी की पहचान करवाने व अन्य माता-पिताओं के अनुभवों के बारे में जानने के लिए जानकारी यहाँ उपलब्ध है:
https://raisingchildren.net.au/disability/videos

7 वर्ष से छोटे बच्चे जो प्रारम्भिक बचपन में आरम्भिक हस्ताक्षेप दृष्टिकोण [(Early Childhood Early Intervention (ECEI)] के अंतर्गत आते हैं, उनसे संबंधित विकलांगता बीमा योजना [Disability Insurance Scheme (NDIS)] के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए:

https://www.ndis.gov.au/understanding/how-ndis-works/help-children-under-7

आरम्भिक हस्ताक्षेप सहायता के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए:

https://www.flipsnack.com/earlychildhoodintervention/ecia-what-is-eci.html

The Sector Capacity Building Program is funded by the NSW Department of Education

Children's Services